# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2026-27
# कक्षा-12
# विषय-भूगोल

**समय : 2.30 घण्टे** **पूर्णांक : 70** **नोट**–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के चार प्रकार हैं। बहुविकल्पीय, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय तथा विस्तृत उत्तरीय हैं। उपयुक्त रेखाचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि करें।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**8 अंक**

1. निम्न में से कौन एक भौगोलिक सूचना का स्रोत नहीं है–

(अ) यात्रियों का विवरण (स) चन्द्रमा से चट्टानी पदार्थों के नमूने

(ब) प्राचीन महाकाव्य (द) इनमें से कोई नहीं

2. निम्नलिखित में से कौन एक सबसे कम जनसंख्या वाला क्षेत्र है–

(अ) दक्षिण एशिया (स) पश्चिमी आस्ट्रेलिया

(ब) उत्तरी पश्चिमी यूरोप (द) दक्षिण-पूर्वी एशिया

3. निम्नलिखित में से कौन एक प्राथमिक क्रिया का उदाहरण है–

(अ) कागज उद्योग (स) परिवहन

(ब) सेवा क्षेत्र (द) आखेट

4. वर्ष 2021 में भारत का मानव विकास सूचकांक में कौन-सा स्थान था–

(अ) 130 वाँ
(ब) 131 वाँ
(स) 132 वाँ
(द) 134 वाँ

5. निम्नलिखित में से किस देश में सहकारी कृषि का सफल परीक्षण किया गया है।

(अ) न्यूजीलैण्ड
(ब) डेनमार्क
(स) भारत
(द) रूस

6. विश्व के किस क्षेत्र को 'जंग का कटोरा' कहा जाता है।

(अ) डेट्रायट
(ब) पिट्सबर्ग
(स) मुम्बई
(द) टोकियो

7. दो देशों के मध्य व्यापार कहलाता है–

(अ) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार
(ब) बाह्य व्यापार
(स) अंतर्देशीय व्यापार
(द) स्थानीय व्यापार

8. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रतिकर्ष कारक नहीं हैं–

(अ) बेरोजगारी
(ब) चिकित्सा सुविधाएँ
(स) महामारियां
(द) जलाभाव

# अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

12 अंक

9. मानव भूगोल के किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम लिखिए।

10. जनसंख्या घनत्व किस प्रकार ज्ञात किया जाता है ?

11. डॉ० महबूब मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है ?

UPBoardHub

12. विश्व के प्रमुख दो कृषि प्रकारों का नाम लिखिए।

13. कृषि आधारित प्रमुख उद्योग कौन-से हैं ?

14. जनसंख्या प्रवास के प्रमुख कारण बताइए।

# लघु उत्तरीय प्रश्न

20 अंक

15. मानव विकास के प्रमुख उपागमों का उल्लेख कीजिए।

16. जनसङ्ख्यकीय संक्रमण की प्रमुख अवस्थाओं की विवेचना कीजिए।

17. प्राथमिक तथा द्वितीयक आर्थिक क्रियाओं में अंतर स्पष्ट करें।

18. विश्व के प्रमुख व्यापारिक पशुपालन क्षेत्र की विशेषताओं को स्पष्ट करें।

19. द्वितीयक क्रियाओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

# विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

20 अंक

20. मानव भूगोल की परिभाषा तथा उसके प्रमुख उपागमों की विवेचना कीजिए।

    **अथवा**

    जनसंख्या प्रवास क्या है ? इसके प्रमुख प्ररूपों एवं कारणों को स्पष्ट कीजिए।

21. विश्व में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों की व्याख्या कीजिए।

    **अथवा**

    उद्योग के वर्गीकरण को प्रस्तुत करें तथा इसके विश्व वितरण को बताइरए।

22. विश्व मानचित्र पत्र दिए गए प्रश्नों के उत्तर को दर्शाइए–

(क) मानव विकास सूचकांक में प्रथम स्थान वाला देश।

(ख) विश्व में चाय उत्पादन में अग्रणी देश।

(ग) विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश।

(घ) जापान का राजधानी नगर।

(ङ) सूती वस्त्र उद्योग का एक केन्द्र।

**आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं**